प्रजापत, छत्रसिंह मारु, धनपत शर्मा, नहीं करवाई गई है। जिससे उसको ... अधिकारी एवं नायब ... आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ता

प्रश्नोत्तरी में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सरदारशहर

सादुलपुर

घांघू

सरदारशहर. एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को रेस काउंसलिंग प्रतियोगिता एवं मुख्यमंत्री युवा कौशल के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजनाओं व विभिन्न फ्लैगशीप योजनाओं के विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डा.देवीशंकर शर्मा, प्रो.अमरचन्द कुमावत, गजानन्द शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षावार लगभग 90 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

प्रतियोगिता में राजस्थान सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित विद्यार्थियों से मौखिक प्रश्न पुछे गए। प्राचार्य डा.वीके स्वामी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए आह्वान किया कि विद्यार्थी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर अपने सामान्य ज्ञान में वृद्धि कर सकते है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ साथ संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

सादुलपुर. मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अन्तर्गत कलस्टर कैम्प का आयोजन मोहता पीजी महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो पी एस राठौड की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो पी एस राठौड़ ने लोकतन्त्र में मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम अधिकारी डा गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को इस बार भारतीय निर्वाचन विभाग चलो वोटर बनें: मिलकर कदम से कदम बढ़े थीम पर उत्सव के रूप में मना रहा है। बीएलओ, राजपाल ने बताया कि मतदान सूची में नाम जोड़ने के लिए पंजीकरण भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल एनवीएसपी , मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन एप तथा गरूड़ एप के माध्यम से भी किया जा सकता है। प्रो. रामपाल गोस्वामी, उप प्राचार्य प्रो. अरविंद गौड़, डा सत्येन्द्र शर्मा , डा . संजू शर्मा , प्रो लीला महर्षि,श्री मनोज ढाका, बबलू प्रजापत ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। **घांघू**. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांदू के पूर्व प्रधानाचार्य विनय झाझड़िया का उत्कृष्ट कार्यो के लिए स्कूल परिवार और ग्रामीणों ने अभिनंदन किया। अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य इमरान खान ने की। मुख्य अतिथि जीवणराम झाझड़िया और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी लखेंद्र सिंह राठौड़ थे। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य विनय झाझड़िया ने स्कूल विकास के लिए 5100 रुपए प्रदान किए।

इस मौके पर गांव के तेजाराम, पूर्णा राम प्रजापत, नरसाराम मीणा, निर्मल कुमार, रामपाल, रणजीत , फूलाराम , नेमीचंद जांगीड़ ने सम्मान किया। संचालन राजेश कुमार मीणा ने किया।